www.jagran.com June 15,2017

राष्ट्रपति चुनाव # नरेंद्र मोदी # मप्र किसान आंदोलन # मानसून # पॉजिटिव न्यूज # जागरण स्पेशल

झारखंड ▸ रांची • धनबाद • जमशेदपुर • हजारीबाग • गिरीडीह

2022 तक हर बीपीएल का होगा पक्का मकान : फग्गन

Publish Date:Thu, 15 Jun 2017 01:01 AM (IST) | Updated Date:Thu, 15 Jun 2017 01:01 AM (IST)

रामगढ़ (दुमका) : केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री फग्गन ¨सह कुलस्ते ने कहा कि आने वाले समय में केंद्र सरकार एक-एक घर तक विकास योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने की दिशा में काम कर रही है। कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2022 तक केंद्र सरकार देश के सभी गरीब को पक्का मकान बनाकर देगी। उक्त बातें उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तीन साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाने के क्रम में कही।

दुमका के रामगढ़ प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने समग्र विकास की बुनियाद रखी थी। अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मे समग्र विकास की परिकल्पना को धरातल पर उतारा जा रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रखंडों में कार्यरत एमबीबीएस डाक्टरों को हर साल 10 अंकों का बोनस मिलेगा जिसका लाभ उन्हें पीजी स्तर की पढ़ाई करने में मिलेगी।

रामगढ़ (दुमका) : केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री फग्गन ¨सह कुलस्ते ने कहा कि आने वाले समय में केंद्र

केंद्रीय राज्यमंत्री ने जामा विधानसभा में पड़ने वाले जामा व रामगढ़ प्रखंड के 30 शैय्या वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड कर इसमें सुपर स्पेशियलिटी की सुविधा बहाल किए जाने का एलान किया। देश की 18 जगहों को चिह्नित कर एम्स के लिए उसका मास्टर प्लान तैयार करने का निर्देश राज्यों को दिया गया है। झारखंड समेत विभिन्न राज्यों में सात आरोग्य संस्थान खोला जाएगा। यूपी के बरेली में एम्स तैयार है और दिसंबर तक वहां ओपीडी सेवा चालू कर दी जाएगी। देश में चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। मंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार जब सत्ता में आई तो तीन नए मंत्रालयों का गठन कर देश के गरीब व बेरोजगार युवकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल तेज हुई। पहले जनजातीय कल्याण मंत्रालय और पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विकास मंत्रालय आदि का गठन और कौशल विकास मंत्रालय का गठन कर गांव के गरीब असंगठित मजदूरों का कौशल विकास किया जा रहा है। कहा कि यूपीए के भ्रष्टाचार ने केंद्र में भाजपा की सरकार बनवाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट के पहली बैठक में ही भ्रष्टाचार को समाप्त करने का संकल्प लिया था।

इस मौके पर राज्य की समाज कल्याण मंत्री डॉ. लुईस मरांडी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के तीन साल हो गये लेकिन अभी तक किसी भी मंत्री पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। जबकि यूपीए सरकार के हर एक दो दिन बाद घोटाला सामने आता था। इससे पूर्व कार्यक्रम को अनुसूचित जनजाति मोर्चा के समीर उरांव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद, पूर्व विधायक सुनील सोरेन, सुरेश मुर्मू समेत कई पार्टी नेताओं ने संबोधित किया। मंच का संचालन भाजपा के जिला अध्यक्ष निवास मंडल ने की।

By **Jagran**

मोबाइल पर भी अपनी पसंदीदा खबरें और मैच के Live स्कोर पाने के लिए जाएं m.jagran.com पर

Share Like 0 G+1 0 -

Web Title:

(Hindi news from Dainik Jagran, newsnational Desk)

कमेंट करें

यह भी देखें

Sponsored Links by Taboola

You May Like